आया शुभ दिन आँगन आया जन्मदिन मनोज्ञ सूरी गुरुवर

आया शुभ दिन आँगन आया,
लाया खुशियाँ हजारो लाया,
श्री जिन मनोज्ञ सूरी गुरुराया,
जन्मदिन जो आपका आया,
खिल उठा है बागवान,
गुरु मेरे शासन की है शान,
जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव।bd।

तर्ज – कण कण सु गूंजे।

आनंद कंद है प्रेमवंत,
गुरु भगवंत हमारे,
इस वसुधरा पर विचर रहे,
आचार्य पद को धारे,
मिले वीर के वेश में हमको,
देखो स्वयं भगवान हो,
गुरु मेरे शासन की है शान,
जय जय जय गुरुदेव महान।bd।

दशो दिशाएँ झुम रही है,
मस्त है आज फिजाये,
धरती गगन में खुशियाँ है,
चारो ओर आनंद छाये,
श्री मनोज्ञ सूरी गुरुदेव का 'दिलबर',
भक्त करे गुणगान,
गुरु मेरे शासन की है शान,
गुरु मेरे शासन की है शान,
जय जय जय गुरुदेव महान।bd।

आया शुभ दिन आँगन आया,
लाया खुशियाँ हजारो लाया,
श्री जिन मनोज्ञ सूरी गुरुराया,
जन्मदिन जो आपका आया,
खिल उठा है बागवान,
गुरु मेरे शासन की है शान,
जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com